

वैज्ञानिक चिंतन से ही राष्ट्र का विकास संभव : डॉ. आलोक त्रिपाठी ...पेज 02

महाविद्यालय के रजत और सृष्टी ने जीते पदक ...पेज 04




# सुबोध टाइम्स

द्विमासिक पत्रिका | जयपुर, अप्रैल 2019 | महाविद्यालय प्रसार हेतु | पृष्ठ : 4


## प्रिंसिपल की कलम से



**प्रो. के. बी. शर्मा,**
*प्राचार्य, एस, एस, जैन सुबोध पी.जी. महाविद्यालय*

*शिक्षा मनुष्य के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है जिसके अभाव में मनुष्य का जीवन अन्धकारमय है। गत 6 दशकों से सुबोध महाविद्यालय ने वर्तमान शिक्षा पद्धति में नए आयाम स्थापित किए हैं। 1954 में स्थापित यह महाविद्यालय अब न सिर्फ राजस्थान बल्कि पूरे देश का सिरमौर बन गया है। वास्तव में शिक्षा वही है जो हमें उत्कृष्टता प्रदान करें। गुणवत्ता सुनिश्चित करना ही उच्च शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। जिसे हम भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुनिश्चित करते हैं। शिक्षा को सार्वभौमिक रूप से मानव पूंजी के निर्माण में एक महत्वपूर्ण निवेश के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो बदले में आर्थिक विकास की सुविधा प्रदान करती है। शिक्षा प्रणाली का विश्लेषण करने और समय-समय पर इसे सुधारने की आवश्यकता को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता रहा है। उच्च शिक्षा का महत्व हमारे प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने अपने शब्दों में व्यक्त किया है वो कहते थे, एक विश्वविद्यालय मानवतावाद के लिए सहिष्णुता के लिए, विचारों के रोमांच के लिए और सत्य की खोज के लिए खड़ा है। शिक्षा सामाजिक जीवन की आवश्यकता है। उच्च उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए एस.एस.सुबोध महाविद्यालय अपने कर्तव्यों का निर्वहन लगातार पूर्ण निष्ठा से कर रहा है। महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य पूर्ण रूप से मानव संसाधन क्षमता का उपयोग कर समाज के सभी श्रेणियों में शैक्षणिक विकास कार्यक्रमों को बढ़ाना है। भविष्य की प्रासंगिकता के साथ पाठ्यक्रम डिजाइन करने और छात्रों की हरसंभव मदद करने का लक्ष्य भी हमनें रखा है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज राज्य, राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं के लिए भी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहा है। एस.एस. जैन सुबोध पीजी कॉलेज अपनी दृष्टि और मिशन के साथ लगातार सफलता की राह पर अग्रसर है। आधुनिक तकनीकी संसार में शिक्षा को बढ़ावा देकर गांव और दूरदराज के क्षेत्रों से भी छात्रों को प्रथम पंक्ति में लाना ही हमारी प्राथमिकता है।*

## यू.जी.सी. नैक में सर्वश्रेष्ठ श्रेणी A++ से हुआ अलंकृत

# 6 दशकों से देश का गौरव हमारा सुबोध महाविद्यालय




**जयपुर।** इस गौरवशाली संस्था को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। पिछले 6 दशकों से भी अधिक समय से एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय, जयपुर अब न सिर्फ राजस्थान अपितु उत्तर भारत के विशिष्ट एवं प्रख्यात शिक्षण संस्थानों में से एक है।

महाविद्यालय की स्थापना सन् 1954 में हुई। इस बहुसंकायिक महाविद्यालय में कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों संकायों में स्नातक व इक्कीस विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान की जाती है। भारत सरकार के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (यू.जी.सी. नैक) की ओर से महाविद्यालय को ए++ श्रेणी से अलंकृत किया गया है। महाविद्याल को इस ग्रेडिंग में 3.82 सी.जी.पी.ए. प्राप्त हुए जो सी.जी.पी.ए. 4 की स्केल से दिए गए। इस पैमाने पर खरा उतरने पर महाविद्यालय को सम्पूर्ण भारत का प्रथम महाविद्यालय का दर्जा भी प्राप्त हुआ। तृतीय चरण के अगस्त, 2017 में हुए नैक- यू.जी.सी. के निरीक्षण में 3.82 सी.जी.पी.ए. प्राप्त कर यह ग्रेडिंग प्राप्त की, जो पूरे भारत में सर्वाधिक है। कॉलेज में वर्तमान में 16 संकायों में स्नातक पाठ्यक्रम, 21 संकायों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, 12 विषयों में पी.एच.डी. कार्यक्रम, 8 विषयों में पीजी डिप्लोमा कोर्स, 3 डिप्लोमा पाठ्यक्रम व 23 जॉब ओरियन्टेड सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम संचालित है। 14000 से भी अधिक छात्रों के साथ महाविद्यालय अपनी गौरवमयी यात्रा पर लगातार अग्रसर है।

इसके अलावा यू.जी.सी. की ओर से कॉलेज को कॉलेज विद् पोटेंशियल फॉर एक्सीलेंस से भी दो बार दर्जा प्राप्त है। कॉलेज में राजस्थान विवि की ओर से रिसर्च सेन्टर भी खोला गया है। कॉलेज अपनी उत्कृष्टता एवं नवाचार के क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। इसी कारण सुबोध महाविद्यालय को यूजीसी ने कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के दर्जे से भी अलंकृत किया जा चुका है।

पूरे देश में सिर्फ15 कॉलेज को ही यूजीसी ने यह दर्जा दिया है। कॉलेज को यूजीसी, नई दिल्ली ने ऑटोनोमस का दर्जा भी दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा कहते है कि किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान उसकी भव्य इमारत को नहीं बल्कि वहां के अनुशासित शिक्षकों और छात्रों को जाती है। वो कहते हैं कॉलेज के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता से हमें गौरवान्वित कर रहे हैं।

## रसोई-2019 में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**जयपुर।** राजस्थान उद्योग विभाग के उद्यम प्रोत्साहन संस्थान की तरफ से जयपुर की पुरानी राजधानी आमेर घाटी में जलमहल के सामने स्थित राजस्थान हाट में पहली बार रसोई-2019-स्वाद राजस्थान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अन्तर्गत राज्य के अलग-अलग हिस्सों से आए लोगों ने प्रसिद्ध पकवानों की स्टॉल लगाई। जानकारी के मुताबिक प्रदेश में पहली बार उद्योग विभाग ने स्वाद के खजाने के प्रस्तुतिकरण की पहल की है। जिसका मुख्य उद्देश्य राजस्थानी व्यंजनों और मसालों को देशभर में पहचान दिलाना है। इस दौरान सुबोध महाविद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप प्राचार्य




डॉ. अरविंद कुमार और संयोजिका डॉ. शैफाली जैन व अन्य व्याख्याताओं ने स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन किया। जानकारी के मुताबिक छात्रों ने यहां कालबेलिया, घूमर व भवई आदि नृत्य प्रस्तुत किए। इसके साथ ही देशभक्ति कविताओं से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया।

## श्रेयस में कॉलेज का किया प्रतिनिधित्व

**जयपुर।** हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (Ministry of Human Resources Development) ने उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के लिये श्रेयस (Scheme for Higher Education Youth in Apprenticeship and Skills-SHREYAS) कार्यक्रम की शुरुआत की। देश के डिग्रीधारी छात्रों को अर्थव्यवस्था की जरूरतों के लिये अधिक कुशल, सक्षम, रोजगारपरक और



संगठित बनाने की दिशा में शुरू हुए इस कार्यक्रम में पोर्टल लॉन्चिंग की गई। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में सुबोध महाविद्यालय के डॉ. शैलेश माथुर और डॉ. सतीश शर्मा ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में देशभर से 400 से भी अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावेड़कर रहे। जानकारी के मुताबिक श्रेयस कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा प्रणाली में सीखने की प्रक्रिया के दौरान ही छात्रों में रोजगार प्रासंगिकता की शुरुआत कर उनकी क्षमता में सुधार करना है।

## व्यक्तित्व विकास से होगा छात्रों का समग्र विकास



**जयपुर।** किसी भी छात्र के समग्र विकास के लिए जरूरी है कि उसके व्यक्तित्व विकास के लिए काम किया जाए। हाल ही में सुबोध महाविद्यालय में तीन माह के लिए Personality Development with Interview Skill नामक कोर्स शुरू किया गया। जानकारी के मुताबिक छात्रों को साक्षात्कार के लिए तैयार करने और उनमें कौशल विकास विकसित करने की दृष्टी से इस कोर्स में चार मॉड्यूल बनाए गए हैं। गौरतलब है कि महाविद्यालय की तरफ से ट्रैनिंग प्लेसमेंट सेल चलाया जा रहा है जिसमें पर्सनेलिटी डवलपमेंट, ग्रुमिंग, पब्लिक स्पीकिंग और इन्टरव्यू स्किल्स का प्रशिक्षण किया जा रहा है। फिलहाल महाविद्यालय के 50 स्टूडेंट्स इसमें प्रशिक्षण हासिल कर रहे है।

## फास्ट फूड और पैकेजिंग वस्तुओं का ना करें इस्तेमाल

## नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (NASI) की ओर से आयोजित हुआ

# 'लाइफस्टाइल एंड रिप्रोडक्टिव हेल्थ' पर विशेष व्याख्यान





**जयपुर।** गत 18 मार्च को एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय में नेशनल एकेडमी ऑफसाइंसेज (NASI) की ओर से एक विशेष व्याख्यान 'लाइफस्टाइल एंड रिप्रोडक्टिव हेल्थ' नामक विषय पर आयोजित किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, इंडिया, इंडियन सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ रिप्रोडक्शन एंड फर्टिलिटी 'आईएसएसआरएफ' के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. एन. के. लोहिया थे, जो कि वर्तमान में सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज, डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी, राजस्थान विश्वविद्यालय में एमेरिटस मेडिकल साइंटिस्ट के रूप में कार्य कर रहे है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के उप. कुलपति और एनएएसआई जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष प्रो. एच. एन. वर्मा ने की। इस दौरान विख्यात वनस्पति विज्ञानी प्रो. पी. सी त्रिवेदी और डॉ. किरण कटोच भी उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के. बी. शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। जानकारी के मुताबिक एनएएसआई के संस्थापक अध्यक्ष और भारतीय खगोलविज्ञानी मेघनाद साहा की 125वीं जयंति के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**फास्ट फूड और पैकेजिंग वस्तुओं का ना करें इस्तेमाल:** इस मौके पर प्रो. लोहिया ने बताया की प्रारंभिक गर्भावस्था, मातृ मृत्यु दर, असुरक्षित गर्भपात, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, बांझपन, एचआईवी एड्स, उम्र बढ़ने और कैंसर आदि के कारण प्रजनन के मुद्दे चिंता के विषय है। उन्होंने कहा की फास्ट फूड कैलोरी में अत्यधिक मात्रा में होती है और पोषक तत्वों की कमी होती है, जबकि संतुलित पौष्टिक भोजन हमें स्वस्थ जीवन बनाए रखने में मदद करते हैं।

साथ ही मोटापे से ग्रस्त महिलाओं में बांझ होने की संभावना तीन गुना अधिक होती है, जिससे सामान्य महिलाओं की तुलना में स्तन कैंसर का खतरा दो गुना अधिक होता है। प्रो. एच. एन. वर्मा ने कहा की धूम्रपान और शराब बांझपन के प्रमुख कारण है, साथ ही गर्भावस्था के दौरान भी महिलाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। गर्भावस्था के दौरान मां को बुरी आदतों का खतरा हो तो बच्चे का विकास भी बाधित होता है। इसके अलावा मोबाइल, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रोनिक गैजेट भी हार्मोनल सिस्टम को निष्क्रीय करते हैं। इस दौरान प्रो. पी.सी. त्रिवेदी और डॉ. किरण कटोच ने भी वर्तमान परिदृश्य में खाने की आदतों के बारे में प्रमुख चिंताओं को लोगों के साथ साझा किया। प्रो. त्रिवेदी ने बताया की पैक्ड फूड, फास्ट फूड और जंक फूड के इस्तेमाल से प्रजनन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

साथ ही प्लास्टिक खाद्य भंडारण और पैकेजिंग जैसी वस्तुओं को भी अस्वीकार करने की बात कही। प्रो. वर्मा ने सभी लोगों को बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा, प्रो. लोहिया और प्रो. एच. एन. वर्मा को राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी की ओर से सम्मानित किया गया। प्रो. पी.सी. त्रिवेदी और डॉ. किरण कटोच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय की डॉ. रिचा शर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हाऊजी के साथ मनाया नववर्ष




**जयपुर।** नववर्ष के अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्याताओं द्वारा एक नए तरिके से इसका आयोजन किया गया। सभी ने उत्साह के साथ हाऊजी 'तम्बोला', म्यूजिकल चेयर खेला और गाने व कविताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। महाविद्यालय संयोजक श्री विनय चंद डागा और प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा द्वारा सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। अंत में पौषबड़े के आनंद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## राष्ट्रीय एकता शिविर में जीते 5 पुरस्कार



**जयपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से संचालित एक सक्रीय कार्यक्रम है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में आयोजित 12 से 18 फरवरी तक चले राष्ट्रीय एकता शिविर में महाविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कपिल कुमार आनंद ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। जानकारी के मुताबिक कार्यक्रम में देश भर से 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें से राजस्थान से 11 सदस्यों वाले दल ने भाग लिया, जिसमें महाविद्यालय के 5 स्वयंसेवक और 5 स्वयंसेविकाएं शामिल थी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में राजस्थान की टीम ने 5 पुरस्कार जीते।

## जीएसटी व अंतरिम बजट पर व्याख्यान आयोजित



**जयपुर।** हाल ही में आर्थिक-प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंध विभाग की ओर से एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय में एक व्याख्यान आयोजित किया गया। जीएसटी व अंतरिम बजट-2019 पर आयोजित इस व्याख्यान में वाणिज्य संकाय के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर व्याख्यान के मुख्य वक्ता सीए अनिल कुमार यादव ने स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को जीएसटी एवं अंतरिम बजट-2019 के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्टूडेंट्स के प्रश्नों के भी जवाब दिए। गौरतलब है कि सीए अनिल सुबोध महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे है। वर्तमान में अनिल आईसीएआई जयपुर चैप्टर के उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत है। सीए यादव ने इस मौके पर जीएसटी के प्रारंभिक ढांचे और उसमें हुए बदलाव की व्याख्या की। विभागाध्यक्ष डॉ. विकास बैराठी ने बताया की इस व्याख्यान में अंतरिम बजट से आम लोगों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी, साथ ही उन्होंने सीए अनिल यादव, डीन (प्रशासन) डॉ. आर.के. शर्मा, डीन (छात्र) डॉ. प्यारे लाल, उपस्थित छात्रों और संकाय के अन्य सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जैव विविधता जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को मिला प्रशिक्षण

**जयपुर।** राजस्थान वानिकी, वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान और महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

जैव विविधता जागरूकता नामक इस कार्यक्रम में पर्यावरण विभाग एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के बीएससी व एमएससी के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में छात्रों ने पूर्व में पंजीकरण करवाया। इस मौके पर छात्रों को जैव विविधता बढ़ाने के लिए वनों के संरक्षण और पौधारोपण नियमित रूप से करने की बात कही। वनस्पति विभाग की डॉ. मोनालिशा कुलश्रेष्ठ ने बताया की सभी प्रतिभागियों को इस दौरान प्रमाण-पत्र और भागीदारी पत्र दिया गया।



### 220 मेधावी विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

# लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदानः डॉ. सी.पी. जोशी

**जयपुर।** प्रतिस्पर्धा के युग में उत्कृष्टता के साथ ही नवाचारों को अपनाकर आगे बढ़ना होगा। वर्तमान समय सूचना क्रान्ति का है ऐसे में बच्चों को फेसबुक, गूगल और सोशल मीडिया से प्राप्त होने वाली जानकारी का गलत इस्तेमाल करने से रोकना होगा। विद्यार्थियों को परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने के साथ ही, एक अच्छा नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करना होगा। ये कहा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है, ऐसे में उच्च शिक्षा से वंचित वर्ग को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। वे शनिवार को रामबाग सर्किल स्थित एस.एस.जैन सुबोध महाविद्यालय में आयोजित मेधावी छात्र अभिनन्दन और पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।



9 फरवरी, 2019 को आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने की। उन्होंने पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपने कॉलेज दिनों को याद किया, साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए देश निर्माण के लिए युवाओं की सशक्त भागीदारी को अहम बताया। सम्माननीय अतिथि पुलिस अधीक्षक, कम्युनिटी पुलिसिंग जगदीश चन्द्र शर्मा ने छात्रों को जीवन के नैतिक मूल्यों और संस्कारों के साथ कर्त्तव्य-पथ पर आगे बढ़ने की बात कही। इस मौके पर कवीन्द्र सिंह सागर (डी.सी.पी. मुख्यालय), ने एन.एस.एस. और एस.सी.सी. की सेवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सुबोध महाविद्यालय छात्रों में देशप्रेम और सामाजिक हितों की भावना विकसित कर रहा है।

समारोह में महाविद्यालय संयोजक श्री विनय चंद डागा एवं सुबोध एम.सी.ए. इंस्टीट्यूट संयोजक राजेन्द्र कुमार जैन 'राजा' ने पुरस्कृत विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व समारोह के प्रारम्भ में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने पधारे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में वर्ष 2017-18 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 220 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

## वैश्वीकरण और भारत के आर्थिक विकास पर विशेषज्ञों ने दी राय



**जयपुर.** हाल ही में महाविद्यालय सभागार में वैश्वीकरण और भारत का आर्थिक विकास-चुनौतियों और संभावनाएं विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. हार्टमर्ट ऐलसेन्हस, अन्तरराष्ट्रीय संबंध विभाग, लिपजिग विश्वविद्यालय, जर्मनी ने वैश्वीकरण के प्रसंग में भारत की अर्थव्यवस्था के आयामों के बारे में जानकारी दी। साथ ही पूंजीवादी युग में व्यापार के क्षेत्र में नवाचारों का उल्लेख किया। इस दौरान प्रमुख राजनीति शास्त्री प्रो. बी.एम. जैनने वैश्वीकरण में चीन की बढ़ती भूमिका को दृष्टिपात किया। भारत-चीन संबंधों के नए आयामों को भी बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया की चीन न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को तेजी से विकसित कर रहा है, बल्कि कई देशों पर अपना आर्थिक शिकंजा भी कस रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा के स्वागत भाषण से हुआ। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शैफाली जैन ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रक्तदान शिविर में 300 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित




**जयपुर।** रक्तदान जीवन दान है। रक्तदान से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। किसी भी जरूरतमंद को रक्त दान से नया जीवन मिलता है। इसी कथन को चरितार्थ करते हुए पिछले दिनों एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय में रोवर्स एंड रेंजर्स और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने किया। इस दौरान शिविर में रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई और एन.एस.एस इकाई के सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने शिविर में उत्साह पूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। छात्र-छात्राओं के अलावा महाविद्यालय के शैक्षणिक व अशैक्षणिक सदस्यों ने भी शिविर में हिस्सा लिया।

रक्तदान से पहले छात्र-छात्राओं का पंजीकरण किया गया। शिविर में 350 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया गया, साथ ही 319 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एकत्रित रक्त को स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक व सुमन ब्लड बैंक में जमा करवाया गया। सभी रक्तदाताओं को टी-शर्ट एवं प्रमाण पत्र दिया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी.शर्मा ने स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करते हुए रक्तदान की वर्तमान जरूरतों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें विद्यार्थी बड़ी संख्या में भाग लेते है।

# वैज्ञानिक चिंतन से ही राष्ट्र का विकास संभव : डॉ. आलोक त्रिपाठी

**जयपुर।** विज्ञान के नए आयामों में भविष्य तलाश कर देश को प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए युवाओं को वैज्ञानिक चिंतन के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। ये कहा राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. आलोक त्रिपाठी ने।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर साइंस फॉर पीपुल एंड पीपुल फॉर साइंस थीम पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. त्रिपाठी ने कहा की ज्ञान और विज्ञान में फर्क है। ज्ञान का अर्थ नॉलेज से है, लेकिन विज्ञान उस नॉलेज का विश्लेषण है। इस दौरान उन्होंने डॉ. सी.वी. रामन, टैगोर, डॉ. कलाम जैसे व्यक्तित्व के गुणों को जीवन में उतार कर आगे बढ़ने की बात कही। एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय में 28 फरवरी को आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जे.के. लोन अस्पताल की उप.अधीक्षक डॉ. अर्चना जौहरी ने स्टूडेंट्स को विज्ञान की मदद से जीवन को बेहतर बनाने के लिए संकल्पबद्ध किया। इस दौरान विज्ञान संकाय के स्टूडेंट्स ने वर्किंग और नॉन वर्किंग मॉडल्स प्रस्तुत किए। स्टूडेंट्स ने 'How to use Maximum Intensity of Light of Sun?', 'Noise to Electricity', 'Demonstration of Antigen-Antibody Combination for Immune System' ?? 'Traffic Control Energy Conservation' जैसे विषयों पर विज्ञान की नवीनतम तकनीक की जानकारी दी। इसके अलावा विज्ञान के विभिन्न आयामों पर स्टूडेंट्स ने पोस्टर मेकिंग, क्विज कॉम्पीटिशन और साइंटिफिक रोल प्ले में भाग लिया।

इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने विज्ञान के विभिन्न पहलुओं के बारे में कहा की जीवन में रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक सोच विकसित करनी होगी, ताकि विज्ञान के नित-नए परिवर्तनों को महसूस किया जा सके। कार्यक्रम के समापन

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर 350 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए साइंटिफिक मॉडल**



सत्र के मुख्य अतिथि जेएनएयू जयपुर के कुलपति प्रो. एच.एन. वर्मा ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन में विज्ञान की महत्ता को बताते हुए उसकी सार्थकता पर प्रकाश डाला।

इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि राजस्थान विवि के प्राणी विज्ञान विभाग के प्रो. एन.के. लोहिया ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय के संयोजक श्री विनय चंद डागा ने पधारे हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की भारत के विकास में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी की अहम भूमिका रही है। अतः हमें इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस दौरान शहर के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से 350 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की संयोजिका अनु मल्होत्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सुबोध महाविद्यालय** *दो दिवसीय कल्चरल फेस्ट आयाम-2019 का समापन*

# कल्चरल फेस्ट आयाम में छात्रों ने दिखाया टैलेंट, पोस्टर मेकिंग से शहादत को किया नमन

**जयपुर।** रामबाग सर्किल स्थित एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय कल्चरल फेस्ट आयाम.2019 का रंगारंग समापन हुआ। फेस्ट का शुभारंभ गुरुवार दिनांक 21.02.2019 को दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू किया गया। इस दौरान फेस्ट में डांस, क्विज-कॉम्पिटिशन, पोस्टर-प्रजेंटेशन, रंगोली, फेस पेंटिंग, एड-मेड, शॉर्ट फिल्म व हिट एंड रन समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के 850 से अधिक छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज के छात्रों ने बॉलीवुड और वेस्टर्न गानों पर डांस परफार्मेंस दी। इसके साथ ही ग्रुप और सोलो परफार्मेंस में भी कई रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

**पुलवामा हमले के शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि :** राजस्थानी कला व संस्कृति से लबरेज संगीतप्रेमियों ने राजस्थानी परिधान में घूमर नृत्य पेश किया। प्रस्तुतियों के दौरान दर्शकों ने





प्रतियोगियों का तालियां बजाकर स्वागत किया। इस मौके पर पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन के तहत स्टूडेंट्स ने पोस्टर बनाकर श्रद्धांजलि दी। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.के.बी. शर्मा ने सभी छात्रों के द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए बताया की महाविद्यालय की और से इस तरह के कार्यक्रमों से प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाता रहा है। जिससे छात्रों की प्रतिभाओं को नया आयाम मिल सके। शुक्रवार को समापन अवसर के मौके पर विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय संयोजक श्री वी.सी. डागा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए मनोयोग से जीवन पर्यंत अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होने की बात कही। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. रीटा जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महिलाएं सृष्टि की रचियता : श्री नवरत्न कोठारी




**जयपुर।** नारी का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है। लेकिन कई दशकों से पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से देश की छवि पर विपरीत असर पड़ा है। महिलाओं और लड़कियों को समाज में हीन-भावना की दृष्टि से देखा जाता है। हालांकि समाज में बदलाव भी होने लगा है। लेकिन इस दिशा में और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। ऐसा कहा महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने। शुक्रवार 11 जनवरी को एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत की गई। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय "Strengthening Society Through Gender Equality and Protection of Child Rights" रखा गया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि ममता भूपेश ने कहा की समाज में भ्रूण हत्या एक अभिशाप है। ऐसे में लोगों को सकारात्मक जागरूकता प्रसारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया की हमें एक फिल्म की तरह ही माउथ पब्लिसिटी के बीच लिंगभेद को लेकर समाज में अग्रिम पंक्ति में बैठे लोगों को चेतना जरूरी है।

इस मौके पर सुबोध शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री नवरत्न कोठारी ने महिलाओं को ईश्वर की उत्कृष्ट रचना बताते हुए कहा की महिला जननी है, वह सृष्टी की रचयिता है। द्घाटन सत्र की मुख्य वक्ता जे.एन.यू. नई दिल्ली के समाजशास्त्र विभाग की प्रो. मैत्रेयी चौधरी ने लैंगिक असमानता को दूर कर समाज में महिलाओं की सशक्त भूमिका पर बल दिया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के. बी. शर्मा ने सभी आगन्तुक अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की हमें महिलाओं का सम्मान करना ही होगा। इस दौरान समापन सत्र के मुख्य अतिथि कॉलेज शिक्षा निदेशालय के आयुक्त प्रदीप कुमार बोरड़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एस.एल. शर्मा, (निदेशक, पी.जी. कॉलेज ऑफ सोश्यल साइंसेज, राज. विवि.) ने की। विशिष्ट अतिथि बनारस हिन्दू विवि के समाजशास्त्र विभाग के प्रो. अजित कुमार पाण्डे और यूनिसेफ के बाल सुरक्षा विशेषज्ञ संजय निराला रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बोरड़ ने कहा की बच्चों को संरक्षित कर उन्हें राष्ट्रीय निधि के रूप में पल्लवित करने की जरूरत है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. रंजिता सिहं ने संगोष्ठी की रूप रेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया की इस दो दिवसीय संगोष्ठी में चार तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में 500 से अधिक विषय-विशेषज्ञों और शोध छात्रों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी में देश भर से 100 से अधिक शोध-पत्र विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. अनन्त विजय सोनी ने सभी का आभार प्रकट किया।

## Photo of the Month
## गणतंत्र दिवस-2019



## भाषा ही जीवन का आधार. डॉ. हेतु भारद्वाज




**जयपुर।** भाषा, हवा एवं पानी के समान ही जरूरी है। भाषा का विकास मनुष्य की जरूरतों से होता है। कोई भी शब्द किसी भाषा की बपौती नही है। अत हमें भाषा के प्रयोग को लेकर सचेत रहना चाहिए। ये कहा हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हेतु भारद्वाज का। वे 2 मार्च को आयोजित व्याख्यान में बोल रहे थे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं हिंदी भाषा व साहित्य विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा की हिंदी ही एकमात्र ऐसी भाषा है जो भारत की राष्ट्रभाषा बन सकती है। इसके लिए जरूरी है कि हमें दैनिक जीवन में इसे अपनाना चाहिए।

साथ ही इसका प्रचार-प्रसार करना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. केबी शर्मा ने आगन्तुक अतिथि का स्वागत किया। उप.प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डीन, शैक्षणिक, डॉ. अल्पना सक्सेना ने सभी का आभार प्रकट किया।

## महाविद्यालय कुलगीत




*ज्ञान-पुंज, परमार्थ भाव*
*से अभिप्रेरित* [2]
*विद्या का अनुपम*
*आलय, हमारा* [2]
*सुबोध स्नातकोत्तर*
*महाविद्यालय।*

*जन जन में हो ज्ञान प्रसार,*
*उत्तम हो आचार-व्यवहार*
*उर-मानव के धर्म बसाय*
*मानवता के कल्याण हिताय*
*भारत की मंगल बेला पर*
*भारत की पावन बेला पर*
*हमारा* [2] *सुबोध स्नातकोत्तर*
*महाविद्यालय।*

*है अपना स्वर्णिम इतिहास,*
*सदा श्रेष्ठता और उल्लास*
*आधुनिक गौरव से प्रमाणित,*
*नीतिगत मूल्यों में समाहित*
*अनुपम से उत्कंठा का* [2]
*विलय, हमारा सुबोध*
*स्नातकोत्तर महाविद्यालय।*

# सुबोध महाविद्यालय ने की जिला स्तरीय मोक यूथ पार्लियामेंट की मेजबानी




**जयपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर जिला स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मोक पार्लियामेंट का आयोजन हाल ही में एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. महाविद्यालय में किया गया। इसके तहत महाविद्यालय प्रांगण में 18 से 25 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट-2019 के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। गौरतबल है कि महाविद्यालय का चयन जिला नोडल संस्था के रूप में किया गया था। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने बाताया की कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राजनीतिक, समाजिक, सांस्कृतिक एवं अंतरराष्ट्रीय समस्याओं की समझ व समाधान के साथ ही नीति-निर्धारण में योगदान के लिए युवाओं की सक्रीय भूमिका के लिए था। जिला नोडल प्रभारी डॉ. कपिल कुमार आनंद ने बताया की इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं का चयन डिजीटल एवं वॉक-इन-स्क्रीनिंग के तहत किया गया था। दोनों ही माध्यमों में 50-50 स्टूडेंट्स का सलेक्शन किया गया था।

इस दौरान डिजीटल माध्यम में चार विषय रखे गए, जिन पर प्रतिभागियों ने 12 से 18 जनवरी 2019 तक 90 से 120 सैकंड तक अपनी स्पीच का विडियों रिकॉर्ड कर केन्द्र सरकार के पोर्टल पर अपलोड़ किया। इसके अलावा प्रतिभागियों ने वॉक-इन-स्क्रीनिंग के तहत सुबोध महाविद्यालय में 17 से 19 जनवरी को अतिरिक्त चार विषयों पर वॉक-इन-स्क्रीनिंग रखी गई।

## भगतसिहं, राजगुरू और सुखदेव की शहादत को किया याद



**जयपुर।** देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर क्रांतिकारियों को हाल ही में शहीद दिवस के मौके पर याद किया गया। एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित एक व्याख्यान में मुख्य वक्ता स्कूल शिक्षा परिषद के सहायक निदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने क्रांतिकारी सपूतों की शहादत को याद करते हुए उनके अविस्मरणीय योगदान को बताया। कौशिक ने भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव की वीरता के किस्से छात्रों को बताए और उनके देशप्रेम की भावना को जीवन में उतारने की बात कही। साथ ही बताया की वर्तमान परिदृश्य में देश के हालात को देखते हुए युवाओं को अपने कंधों पर देश के जिम्मेदारी का वहन करना होगा।

## संपूर्ण विश्व में शान्ति एवं अहिंसक आन्दोलन आज की आवश्यकता : प्रो. मैट




**जयपुर।** वैश्विक परिदृश्य में आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है, पूरे विश्व में शांति एवं अहिंसक आन्दोलन वर्तमान जरूरत है, ऐसा कहा प्रो. मैट मेयर ने। हाल ही में नवभारत मेमोरियल फाउंडेशन एवं एस.एस. जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का विषय Global Peace and Nonviolent Action" रखा गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नन्द भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि प्रो. मैट मेयर और प्रो. विद्या जैन रही। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के. बी. शर्मा ने कहा की देश को विश्व शांति के दूत के रूप में अपनी अलग पहचान कायम रखनी होगी। इस दौरान राजस्थान विवि में जनसंचार केन्द्र के पूर्व अध्यक्ष प्रो. संजीव भानावत व दक्षिण एशिया अध्ययन केन्द्र के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बी.एम. जैन वैश्विक शान्ति कायम रखने की बात कही। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह कोठारी ने आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई



**जयपुर।** हाल ही में सुबोध महाविद्यालय और भारतीय क्रांतिकारी स्मृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता मिजोरम विवि के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य एस.एल. जन्गू ने कहा कि नेताजी युवाओं के सदा प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पाथेय कण के प्रधान सम्पादक कन्हैयालाल चतुर्वेदी, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा और संस्थान सचिव डॉ. राजेश रावत ने नेताजी को याद किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के डॉ. मुकेश चंद शर्मा ने किया।

## टैलेंट हंट शो में स्टूडेंट्स ने दिखाया हुनर



**जयपुर।** हाल ही में एस.एस. जैन सुबोध पीजी कॉलेज और ग्रेपवाइन कम्पनी सर्विस के संयुक्त तत्वावधान में टैलेंट हंट शो का आयोजन किया गया। टीवीएफ डिजिटल सेंसेशन की खोज नामक इस हंट शो में स्टूडेंट्स ने काफी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। जानकारी के मुताबिक शो में 100 से भी अधिक स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस मौके पर स्टूडेंट्स ने डांस, कविता, गायन और योग की शानदार प्रस्तुतियां दी। देश के अलग-अलग शहरों में आयोजित किए गए इस टैलेंट हंट शो में कॉलेज के चयनित छात्रों को पुरूस्कार दिए गए।

# राजपथ परेड का हिस्सा बने सुबोध के कृष्णानन्द व राहुल




**जयपुर।** हाल ही में सम्पन्न हुई गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली में एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय के दो कैडेट्स ने हिस्सा लिया। एनसीसी निदेशालय राजस्थान की ओर से गए दल में महाविद्यालय के कैडेट कृष्णानन्द चौरसिया और राहुल नेहरा ने विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

सुबोध महाविद्यालय के सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट हरभजन सिंह ने बताया की महाविद्यालय के ही एनसीसी कैडेट दौलत खान ने राष्ट्रीय स्तर पर बेसिक लीडरशिप कैम्प में राज्य का प्रतिनिधित्व किया है।

**एनसीसी की सर्वोच्च उपलब्धि सुबोध के नाम :** जानकारी के मुताबिक महाविद्यालय के तीन एनसीसी कैडेट्स ने साल 2018 में जुलाई से अक्टूबर तक एनसीसी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम (यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम) में शामिल होकर रूस] सिंगापुर और वियतनाम देशों की यात्राएं की। इस दौरान भारतीय प्रतिनिधि मण्डल में महाविद्यालय के अनिरूद्ध सिंह, प्राची शर्मा और ललित सिंह शामिल हुए। लेफ्टिनेंट हरभजन सिंह की माने तो एनसीसी में यह उपलब्धि हासिल करने वाला सुबोध महाविद्यालय देश का एकमात्र कॉलेज है, जो गौरव की बात है।

## स्टूडेंट्स ने सीखी कागज रिसाइक्लिंग की प्रक्रिया




**जयपुर।** हाल ही में एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के छात्रों ने कागजी उद्योग का दौरा किया। इस दौरान विभाग के छात्र-छात्राओं ने उद्योग में कागज निर्मित वस्तुओं के बारे में जानकारी हासिल की। विभागाध्यक्ष डॉ. बलजीत कौर ने बताया की इस दौरे का उद्देश्य स्टूडेंट्स को कागज के रिसाइक्लिंग के बारे में जानकारी देनी थी, साथ ही रिसाइकिल के माध्यम से पर्यावरण को प्रदुषित होने से बचाना था। इस दौरान स्टूडेंट्स को औद्योगिकीकरण के बारे में भी जानकारी दी गई।

*राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन*

# स्वयंसेवकों की कार्य सेवा में ही है राष्ट्र सेवा






**जयपुर।** महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना का हाल ही में 7 दिवसीय विशेष शिविर दुर्गापुरा गौशाला में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गौशाला को पूरी तरह से पॉलीथीन मुक्त किया। गत 4 से 10 फरवरी तक चले इस शिविर में स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता अभियान, योगा, होम्योपैथी और व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी दी गई। समापन अवसर के मौके पर राज्य सम्पर्क अधिकारी विजय सिंह ने समग्र सामुदायिक विकास के लिए स्वंयसेवकों को बढ़-चढ़ कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने कहा की स्वयंसेवकों की कार्य सेवा से ही राष्ट्र सेवा के गुणों का विकास होता है।

# Faculty Corner



## डॉ. भरत पारीक के शोधार्थी को पीएचडी अवार्ड

**जयपुर।** महाविद्यालय के व्यावसायिक प्रशासन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. भरत पारीक के सफल निर्देशन में शोधार्थी दीपा सेठी को पीएचडी अवार्ड हुई है। दीपा ने अपना शोध कार्य A Comparative Study of Customers Satisfactions in Retail Sector (With Special Reference to Big Bazaar and D-mart in Jaipur District) विषय पर पूरा किया।

## डॉ. पवन शर्मा सम्मानित



**जयपुर।** हाल ही में गणतंत्र दिवस के मौके पर सुबोध महाविद्यालय के लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष और रोवर अधिकारी डॉ. पवन शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्काउट गाइड स्थानीय संघ जयपुर के और से दिया गया। डॉ. शर्मा ने बताया की उन्हें यह सम्मान राज्य स्तर पर होने वाली विभिन्न गतिविधियों में अपनी सक्रीय भूमिका निभाने के लिए दिया गया।

## लड़कियों की पहली यूनिट रेंजर्स को लीड़ कर रही है डॉ. ऋचा



**जयपुर।** रोवर्स की शानदार सफलता के बाद अब सुबोध महाविद्यालय में लड़कियों के लिए भी पहली बार भारत स्काउट एवं गाइड के बैनर तले रेंजर्स नामक इकाई का गठन किया गया है। लड़कियों के कौशल विकास के साथ ही उनमें समाजिक कल्याण के गुणों को विकसित करने के उद्देश्य से इसकी शुरूआत की गई है। जानकारी के मुताबिक कॉलेज में पहली बार रेंजर्स के लिए यूनिट बनाई गई है। इस यूनिट को महाविद्यालय की डॉ. ऋचा सिंघल लीड़ कर रही है। हाल ही में डॉ. ऋचा को कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. के. बी. शर्मा ने प्रमाण-पत्र देकर इस कार्य के लिए सम्मानित किया।

## डॉ. शैफाली जैन को मिला सम्मान



**जयपुर।** हाल ही में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महाविद्यालय राजनीति विज्ञान की सहायक आचार्य डॉ. शैफाली जैन ने नाबार्ड कार्यालय में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में संगठन के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, और सभी ने आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस दौरान डॉ. जैन को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

## डॉ. अंशुल शर्मा को मिला अवार्ड ऑफ पार्टिसिपेशन



**जयपुर।** हाल ही में राजस्थान विश्वविद्यालय में आयोजित 109 ऑरिएंटेशन कार्यक्रम में महाविद्यालय के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. अंशुल शर्मा ने भाग लिया। राजस्थान विवि के मानव संसाधन विकास केन्द्र की ओर से आयोजित ऑरिएंटेशन कार्यक्रम 18 फरवरी से 16 मार्च तक चला। इस दौरान डॉ. शर्मा को अवार्ड ऑफ पार्टिसिपेशन प्रदान किया गया।

## डॉ. अमित व्यास को मिला राजस्थान गौरव अवार्ड

**जयपुर.** संस्कृति युवा संस्था की ओर से हाल ही में टोंक रोड़ स्थित एक होटल में आयोजित सामारोह में प्रदेश की 33 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रतिभाओं को राजस्थान गौरव अवार्ड दिया गया। जनकारी के मुताबिक कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में अत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान मिला। इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. अमित व्यास को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए राजस्थान गौरव अवार्ड से नवाजा गया।



## महाविद्यालय प्राचार्य समेत पांच फैकल्टी हुए सम्मानित









**जयपुर।** हाल ही में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. के. बी. शर्मा को भारतीय लागत एवं प्रबंध संस्थान, जयपुर की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के लेखाशास्त्र एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलकमल पुरोहित विभाग के ही डॉ. देवेन्द्र शर्मा, आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन विभाग की डॉ. चित्रा राठौड़ और व्यावसायिक प्रशासन विभाग की डॉ. नंदिनी शर्मा को भी यह सम्मान दिया गया। प्रिंसिपल प्रो. के.बी. शर्मा की अनुपस्थिती में डॉ. नीलकमल पुरोहित ने उनका सम्मान भी प्राप्त किया। जानकारी के मुताबिक लागत एवं प्रबंध विषय में रोजगार की संभावनाओं को लेकर आयोजित हुए इस व्याख्यान सामारोह में शहर के कई विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

# पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

## स्टूडेंट्स ने विजिट की भास्कर प्रिंटिंग प्रेस




### छात्र-छात्राओं ने जानी अखबार की छपाई की नवीनतम तकनीक

**जयपुर।** हाल ही में सुबोध महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र-छात्राओं ने देश के शीर्ष स्तरीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर की प्रिंटिंग प्रेस का दौरा किया। विश्वस्तरीय केबीए तकनीकी से लेस प्रिंटिगं प्रेस में स्टूडेंट्स ने इंडस्ट्रीयल विजिट की। इस दौरान स्टूडेंट्स को प्रेक्टिकल ट्रैनिंग के लिहाज से अखबार की छपाई के बारे में कई रोचक जानकारियां मिली। इस मौके पर स्टूडेंट्स को अखबार कटिंग और कलर कॉम्बिनेशन के बारे में बताया गया। साथ ही अखबार को तय समय पर पहुंचाने के बारे में बताया गया। विजिट के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. पद्मा पण्डेल, राजनीति विज्ञान के डॉ. मुकेश शर्मा और व्याख्याता सुनील शर्मा भी मौजूद रहे।

## स्टूडेंट्स ने जानी न्यूज चैनल की बारीकियां



**जयपुर।** हाल ही में सुबोध महाविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के छात्र-छात्राओं ने 22 गोदाम स्थित फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल का दौरा किया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल की कार्यप्रणाली जानी। स्टूडेंट्स के दल को महाविद्यालय से प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने रवाना किया। चैनल की मंजुला शाह ने स्टूडेंट्स को एडिटोरियल काम-काज के बारे में जानकारी देते हुए बताया की आम तौर पर न्यूज चैनल को आउटपुट और इनपुट दो हिस्सो में बांटा जाता है।

ऐसे में सूचनाओं, विजुअल्स और फोटोज को इनपुट और जो कुछ भी स्क्रीन पर दिख रहा है उसे आउटपुट में शामिल किया जाता है।

मंजुला ने स्टूडेंट्स को तत्काल आने वाली बड़ी खबरों के बारे में प्रसारण संबंधी जानकारी भी दी। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. पद्मा पण्डेल और व्याख्याता सुनील शर्मा भी मौजूद रहे।

## फेक न्यूज को रोकने के लिए गूगल ने दी ट्रेनिंग

### छात्रों ने जाना फेक न्यूज से बचाव

**जयपुर।** गत 26 फरवरी से 6 अप्रैल तक चलने वाले गूगल ट्रेनिंग कार्यक्रम से देशभर के पत्रकारों को फेक न्यूज (भ्रामक खबरों) से बचाव के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जयपुर में 15 मार्च को होटल द ललित में आयोजित किया गया। इस दौरान पत्रकारों को चुनाव के दौरान फेक न्यूज को पहचान कर उसे रोकने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में सुबोध महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार के छात्रों ने हिस्सा लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. पद्मा पण्डेल ने बताया की स्टूडेंट्स ने इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया था। जानकारी के मुताबिक ट्रेनिंग प्रोग्राम में ऑनलाइन वेरिफिकेशन, फैक्ट चेकिंग, डिजिटल सेफ्टी, सिक्युरिटी, यूट्यूब और डेटा विजुअलाइजेशन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।



## तीरंदाजी प्रतियोगिता

*कोलंबिया में होने वाले विश्व कप में हुआ खिलाड़ियों का चयन*

# महाविद्यालय के रजत और सृष्टी ने जीते पदक

**जयपुर।** हाल ही में उडीसा के कटक में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सुबोध महाविद्यालय के रजत चौहान (अर्जुन अवार्डी) ने गोल्ड मेडल और सृष्टी कंवर ने सिल्वर मेडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। जानकारी के मुताबिक एशियन गेम्स में दो बार अवार्ड जीत चुके रतज ने गत 13-14 मार्च को सम्पन्न हुई इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के कड़ी मेहनत की थी। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. राजनारायण




शर्मा ने बताया की आगामी 22 से 28 अप्रैल तक कोलंबिया में होने वाले वर्ल्ड कप स्टेज-1 के लिए भी महाविद्यालय के 3 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। साथ ही नीदरलैंड में 10 से 16 जून के लिए खिलाडियों का चयन हुआ है। गौरतबल है कि रजत ने नेशनल टूर्नामेंट में एक गोल्ड मेडल जीता था। महाविद्यालय के ही राजेश सैनी ने बैंकॉक में सम्पन्न हुए एशिया कप में हिस्सा लिया है। महाविद्यालय की पूर्व खिलाड़ी स्वाति दूधवाल ने ओलम्पिक राउंड टीम स्पर्धा में गोल्ड और एकल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

इसके अलावा महाविद्यालय के क्रिकेट खिलाड़ी कमलेश नागरकोटी का चयन भी आईपीएल की कोलकाता नाईट राईडर्स टीम के लिए हुआ है। जानकारी के मुताबिक नागरकोटी गत वर्ष भी इसी टीम के हिस्सा थे, उन्हें नाईट राईडर्स ने 3.2 करोड़ रूपए में खरीदा था। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. के. बी. शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही।

# Student Corner

## युवा संसद में राज्य का किया प्रतिनिधित्व



**जयपुर.** महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा अरूंधती शर्मा ने विभिन्न महाविद्यालयों में हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रथम स्थान हासिल किया है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से प्रस्तावित राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में अरूंधती ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में अरूंधती को सांत्वना पुरूस्कार और 10000 रूपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

## गणतंत्र दिवस की परेड़ में राज्य का किया प्रतिनिधित्व

**जयपुर.** एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी लक्ष्य चौधरी ने साल 2017 में गणतंत्र दिवस परेड़ में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था, इसके साथ ही वो रूस में आयोजित हुए इंटरनेशनल युवा आदान प्रदान प्रोग्राम में भी बतौर वॉलियंटर भाग ले चुके हैं। गौरतलब है कि लक्ष्य समाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। वे राजस्थान एड्स कंट्रोल सोसायटी प्रोग्राम, सड़क सुरक्षा अभियान, स्वच्छता नगर अभियान और राजस्थान कल्चर नृत्य कार्यक्रम में अपना योगदान देते है।



## राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में बढ़ाया मान



**जयपुर.** महाविद्यालय के बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र प्रशांत मिश्रा ने पिछले दो महीने में विभिन्न महाविद्यालयों में आयोजित हुए वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इसके साथ ही प्रशांत ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया। जानकारी के मुताबिक प्रशांत ने राजस्थान विवि, जेईसीआरसी, एसकेआईटी, चंडीगढ़ विवि समेत कई विश्वविद्यालयों में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रशांत कई राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर चुके है।

## विज्ञापन मेकिंग में मिला पहला स्थान

**जयपुर।** महाविद्यालय के बीबीए तृतीय वर्ष के छात्र नितिन शर्मा ने हाल ही में महारानी कॉलेज में सम्पन्न हुए कार्यक्रम विथिका में ऐड (विज्ञापन) मेकिंग में दुसरा स्थान हासिल किया है। नितिन ने इससे पहले भी जेस्ट और विविधा जैसे कार्यक्रमों की ऐड मेकिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर चुका है।



**चीफ एडवाइजर–** प्रो. के.बी. शर्मा
**चीफ एडिटर–** डॉ. पदमा पण्डेल
**एडिटर–** सुनील कुमार शर्मा

*स्टूडेंट्स एडिटोरियल बोर्ड : संजय सैनी, बालकिशन यादव, अखिल जांगिड़, तनु शर्मा, अंजू जगरवाल, रमेश चौधरी, श्याम भाटीवाल, किरण मीणा, रजत परनामी,गौरव गुप्ता, विनोद शर्मा।*